नवोदय टाइम्स WED,23 JULY 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# जीआईए प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ईएसआईसी

गुड़गांव, 22 जुलाई (ब्यूरो): गुडगॉव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (जी.आई.ए.) का एक प्रतिनिधि मंडल कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) में सुनील यादव उपक्षेत्रिय कार्यालय गुरुग्राम के प्रभारी से उनके गुरुग्राम कार्यालय में मुलाकात की।

प्रतिनिधमंडल एमनेस्टी योजना-स्पी-2025 के बारे में ली जानकारी ली। कार्यालय प्रभारी सुनील यादव ने बताया ईएसआईसी के द्वारा स्प्री- 2025 योजना का उद्‌घाटन किया जो कि डॉ. मनसुख मांडविया, यूनियन , श्रमिक व रोजगार मंत्री द्वारा किया गया था। इस योजना को उदघाट्न युथ अफेयर व खेल के द्वारा 196वीं कारपॅरेशन सभा शिमला में मान्यता दी गई। उन्होने बताया स्प्री-2025 योजना एक जुलाई-2025 से 31 दिसम्बर- 2025 तक प्रभावी रहेगी। इस योजना के तहत जो इंप्लायर व कर्मचारी चाहे वो कान्ट्रेक्ट व टेम्परेरी श्रमिक भी इसका लाभ बिना किसी निरीक्षण परीक्षण के उठा सकते है। इंप्लायर अपनी इकाई को डिजिटली व कर्मचारी ई.एस.आई.सी. पोर्टल श्रम सुविधा पर रजिस्टर कर सकते है। इस योजना के तहत बहुत से कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान की जा सकती है। इस योजना के तहत जो एम्पलायर ने पहले से अपनी इकाई या अपने किसी कर्मचारी को रजिस्टर नही किया है तो उस पर कोई पीनल एक्शन नही होगा।



*सुनील यादव के साथ जीआईए प्रतिनिधिमंडल।*